हमको कन्हैया तेरा प्यार चाहिए

हमको कन्हैया तेरा प्यार चाहिए ॥
जन्मों तलक का करार चाहिए ॥

देना तुम्हारी आदत है श्याम ॥
लेना हमारी जरुरत है श्याम ॥
हमको तो बस तेरा, दीदार चाहिए
जन्मों तलक का ....॥

जी रहे है कन्हैया तुम्हारे लिए ॥
अब तो दया कर हमारे लिए ॥
हमको ना ये तेरा, संसार चाहिए
जन्मों तलक का........॥

किसको सुनाये इस दिल की व्यथा ॥
तुमको सुनाये "ओम" जीवन कथा ॥
हमारी सुनने वाली, सरकार चाहिए
जन्मों तलक का.......॥

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/2646/title/humko-kanhaiya-tera-pyar-chahie-janmo-talak-ka-krar-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |